फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थीगण — **अप्रार्थी**

1 रमेश कुमार पुत्र श्री छोगा
जाति मेघवाल निवासी मांकरोडा
तहसील व जिला सिरोही

बनाम

1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 41/2025

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
09–07–25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री मनोज रावल व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2025/538 दिनांक 23–06–2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार प्रार्थी की खातेदारी कृषि भूमि मौजा मांकरोडा के खसरा संख्या 1220 रकबा 0.8000 हेक्टेयर आई हुई है जिसमें प्रार्थी का नाम रमेश पुत्र छोगा जाति मेघवाल दर्ज है। जिसमें प्रार्थी उक्त प्रविष्टि के स्थान पर रमेश कुमार पुत्र छोगा जाति मेघवाल निवासी मांकरोडा करवाना चाहता है। जांच करने पर पाया गया कि प्रार्थी ग्राम मांकरोडा का ही निवासी है और मेघवालवास में निवास करता है। प्रार्थी के दस्तावेज आधारकार्ड पैनकार्ड राशनकार्ड इत्यादि में उक्त प्रविष्टि सही है। जमाबंदी में दर्ज प्रविष्टि खसरा नंबर 1220 में रमेश पुत्र छोगा जाति मेघवाल वास पालड़ी रामपुरा हाल भीलवास मांकरोडा के स्थान पर रमेश कुमार पुत्र छोगा जाति मेघवाल निवासी मांकरोडा किया जाना उचित है। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***प्रार्थी की खातेदारी कृषि भूमि मौजा मांकरोडा के खसरा संख्या 1220 रकबा 0.8000 हेक्टेयर में रमेश पुत्र छोगा जाति मेघवाल वास पालड़ी रामपुरा हाल निवासी भीलवास मांकरोडा के स्थान पर रमेश कुमार पुत्र छोगा जाति मेघवाल निवासी मांकरोडा संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें। **लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)** **सिरोही**	